

# पारा-42 डिग्री, रात के तापमान में भी इजाफा, गर्मी का प्रकोप



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** अप्रैल के तीसरे सप्ताह के शुरू होने के साथ ही अंचल में गर्मी अपना प्रकोप दिखाने लगी है। तीखी धूप के साथ अब लू के थपेड़े घरों से निकलने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहे है। 20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रात का तापमान 24 डिग्री बना हुआ है।

**आगामी तीन दिन 42 डिग्री के आसपास रहेगा तापमान, एडवाइजरी जारी**

मार्च महीने के अंत और अप्रैल के पहले सप्ताह में बेमौसम बारिश ने पारे की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए थे। जिसका असर अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक देखने को मिला और अंचल में लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली थी। लेकिन तीसरा सप्ताह शुरू होने के साथ ही भगवान भास्कर ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए है। 20 अप्रैल की सुबह साढ़े आठ बजे से ही गर्म हवाओं ने घरों से निकलने वाले लोगों को भीषण गर्मी के प्रकोप का अहसास करा दिया। दिन चढ़ने के साथ तीखी धूप ने लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का अहसास करा दिया। तापमान में अचानक हुई बढ़ौत्तरी से लोग परेशान देखे गए।

**आगामी दिनों में 43 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान :** स्थानीय मौसम विभाग की माने तो आगामी तीन दिनों में अंचल में दिन का तापमान 43 डिग्री तक पहुंचनें की संभावना है। पारे के चढ़ने से अंचल में झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप रहेगा। वहीं रात के तापमान में भी दो से तीन डिग्री की बढ़त होने का अनुमान है।

**अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी, पेय पदार्थों की बिक्री तेज :** अप्रैल के तीसरे सप्ताह में पारा 42 डिग्री पहुंचते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के आईसीयू, मेल-फीमेल मेडिकल वार्ड सहित एसएनसीयू, चिल्ड्रन वार्ड में पलंग कम पड़ते हुए दिखाई देने लगे है। वहीं गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सेवन अधिक कर रहे है। जिसकी वजह से सॉफ्ट ड्रिंक, गन्ना-मौसमी के जूस, आइसक्रीम सहित अन्य पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी आई है।

### गर्मी के मौसम में तापघात से बचने यह रहें सावधानियां

: पर्याप्त मात्रा में पानी पीने एवं खाली पेट न रहें।
: शराब, चाय एवं कॉफी के अत्यधिक सेवन से बचें।
: ठंडे पानी से स्नान करें, सिर को ढककर रखें तथा हल्के रंग के ढीले एवं पूर्ण आस्तीन वाले वस्त्र पहनें।
: बच्चों को कभी भी बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें।
: दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें।
: यदि बाहर निकलना अनिवार्य हो, तो छतरी एवं धूप के चश्मे का उपयोग करें।
: घर से निकलने से पूर्व कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं।
: बुखार या तापघात की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र/अस्पताल से संपर्क कर आवश्यक उपचार कराएं।





# मंत्री कंषाना की नातिन के विवाह में पहुंचे डॉ. मोहन-शिवराज

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के परिवार में आयोजित नातिन दीपिका पुत्र स्व. भूरा सिंह कंषाना का विवाह समारोह सोमवार को खास बन गया, जब प्रदेश और केंद्र के दिग्गज नेता शुभकामनाएं देने पहुंचे। मंत्री कंषाना की नातिन दीपिका के विवाह अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुरैना पहुंचे।

**कई दिग्गज नेता रहे मौजूद, वर-वधु को दिए उपहार, आशीर्वाद**

दोनों नेताओं ने कंषाना के निजी निवास व्हाईट हाउस पहुंचकर नवविवाहित वधु दीपिका और वर यतेन्द्र को उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस दौरान आत्मीय माहौल में अतिथियों ने परिवार के साथ खुशियां साझा कीं। समारोह में हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह, मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, महापौर मुरैना शारदा सोलंकी, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डंडौतिया, पूर्व विधायक बलवीर सिंह डंडौतिया, राकेश मावई, कमलेश जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोजपाल सिंह यादव, मंत्री श्री कंषाना के सुपुत्र कप्तान सिंह बंकू और राहुल कंषाना सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन चालक पर धारा-106 का केस दर्ज

**मुरैना, 20 अप्रैल।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को एनएच-44 पर अंबाह बायपास चौराहे के नजदीक पैदल जा रहे अभिनेक उर्फ मोनू शर्मा 43 पुत्र सुदामा शर्मा नि. केशव कॉलोनी मुरैना और रिंकू मुदगल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में अभिनेक शर्मा की मौत हो गई। जबकि रिंकू को जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## 3 साल से फरार स्थाई वारंटी ओम दीक्षित गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** सिटी कोतवाली थाने में मारपीट की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 74/2017 में विगत तीन साल से फरार चल रहे आरोपी ओम दीक्षित पुत्र हरिगोपाल दीक्षित निवासी संजय कॉलोनी मुरैना को कोतवाली पुलिस की टीम ने 19 अप्रैल को संजय कॉलोनी में शिव वर्षा मैरिज गार्डन के पास से गिरफ्तार कर जेल में पेश किया, न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है। आरोपी ओम के विरुद्ध न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एएसआई किशन सिंह, प्र.आर. लोकेश कनेरिया, आरक्षक सत्यम शर्मा, प्रमोद शामिल थे।

# गौ आधारित कृषि व लोक चिकित्सा का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** देवगढ़ इलाके के सिहौरी गांव स्थित नारायणी ऑर्गेनिक फार्म में विगत दिवस गौ-सेवा गतिविधि प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

**सिहौरी गांव के नारायणी आर्गेनिक फार्म में गौ सेवा प्रशिक्षण आयोजित**




कार्यक्रम में प्रांत संयोजक वेदपाल जी ने पारंपरिक लोक चिकित्सा और वन औषधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न रोगों के घरेलू उपचार बताए। उन्होंने पसीने की दुर्गंध, दमा, थायराइड, साईटिका, घुटनों के दर्द, एसिडिटी और कब्ज जैसे रोगों के आयुर्वेदिक उपचार की जानकारी भी दी। इसके साथ ही तुलसी के धार्मिक व औषधीय महत्व और उचित दिशा में रोपण के बारे में भी उन्होंने उपस्थितजन को बताया। शिविर में आयोडीन युक्त नमक और एल्यूमिनियम के बर्तनों के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। प्रतिभागियों को अमृत धारा बनाने की विधि भी सिखाई गई। गौ-चिकित्सा के अंतर्गत थनेला और बेली रोग के पारंपरिक उपचारों की जानकारी दी गई तथा गौ-उत्पादों के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया गया। शिविर में प्रांत सह संयोजक डॉ. मधुसूदन ने गौ-सेवा के विभिन्न आयामों गौ- पालन, संवर्धन, पंचगव्य चिकित्सा, गौ-आधारित कृषि, ऊर्जा, उत्पाद निर्माण और विपणन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और समाज में इसकी बढ़ती प्रासंगिकता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।

## एक्सीडेंट में जख्मी 2 युवकों की मौत

**मुरैना, 20 अप्रैल।** बानमोर क्षेत्र में विगत 18 अप्रैल को कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलटने से उसमें सवार उमेश कुशवाह 28 पुत्र मनोज कुशवाह नि. रेलवे कॉलोनी ग्वालियर और राहुल रजक 27 पुत्र राकेश रजक नि. समाधिया कॉलोनी ग्वालियर जख्मी हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

**बागचीनी में दंपत्ति की मारपीट का मामला दर्ज : मुरैना।** बागचीनी क्षेत्र के ग्राम कांसपुरा निवासी हुकुम सिंह जाटव और उसकी पत्नी की 18 अप्रैल को राहुल जाटव, पंकज जाटव ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने हुकुम सिंह के पुत्र मंजेश जाटव की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है।

# बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, पिता-पुत्री की मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** अंबाह थाना क्षेत्र में उसैद रोड पर रविवार की रात हिंगावली मोड़ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं।

**अंबाह क्षेत्र में उसैद रोड पर हिंगावली मोड़ के पास रविवार रात को हुआ हादसा**

अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से हाकिम सिंह बघेल (58) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी विवाहित पुत्री लक्ष्मी बघेल (36) गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसकी उपचार के लिए ग्वालियर से दिल्ली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम बरेह निवासी हाकिम सिंह अपनी पुत्री लक्ष्मी बघेल को बाइक से भदरौली जिला आगरा उत्तर प्रदेश की ओर लेकर जा रहे थे। जब उनकी बाइक उसैद रोड पर हिंगावली मोड़ के पास से गुजर रही थी।

तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पिता-पुत्री सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे डायल-112 वाहन ने दोनों घायलों को अंबाह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हाकिम सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि लक्ष्मी की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए दिल्ली रैफर कर दिया गया, लेकिन दिल्ली ले जाते समय रास्ते में लक्ष्मी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव बरेह सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर में



### दुष्कर्म-पॉक्सो एक्ट में 2 साल से फरार आकाश गिरफ्तार

**मुरैना, 20 अप्रैल।** दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में बीते दो साल से फरार चल रहे आकाश माहौर पुत्र सुरेश माहौर नि. ग्राम पिपरई थाना सरायछौला को सिटी कोतवाली पुलिस ने 19 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस के अनुसार दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में सिटी कोतवाली थाने में अपराध क्रं. 591/2022 दर्ज है। जिसमें आरोपी आकाश बीते दो साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया, एएसआई किशन सिंह, प्र.आर. लोकेश कनेरिया, आरक्षक सत्यम शर्मा, प्रमोद शामिल थे।



### हवन-पूजन कर मनाई भगवान परशुराम जयंती, शोभायात्रा 26 को

**मुरैना/पोरसा।** भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर कस्बा पोरसा के सीएल गार्डन में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यापर्ण करने के बाद हवन-पूजन और महाआरती की गई। कार्यक्रम में कस्बा पोरसा सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया, विप्रजनों ने सुख-समृद्धि और समाज के कल्याण की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठवें अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना की। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि जयंती के मौके पर आगामी 26 अप्रैल को पोरसा नगर में भव्य और ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, धार्मिक ध्वज और पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में विप्रजन शामिल होंगे।

### जौरा में वृद्ध की मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना, 20 अप्रैल।** जौरा क्षेत्र के ग्राम माताबाई का पुरा निवासी दाताराम कुशवाह 65 पुत्र उदयराज कुशवाह की 19 अप्रैल को गिर्राज, पवन उर्फकल्लन कुशवाह, योगेश, मांगी कुशवाह ने मारपीट कर गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## रिठौरा में युवक की मारपीट धमकी देने का केस दर्ज

**मुरैना, 20 अप्रैल।** रिठौराकलां थाना पुलिस ने फरियादी बंटी 40 पुत्र फतेह सिंह गुर्जर पुत्र रामनिवास नि. ग्राम बहरावली की रिपोर्ट पर शैलू पुत्र रामनिवास गुर्जर के विरुद्ध गाली-गलौज और मारपीट कर धमकी देने की धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

**जौरा में महिला के साथ मारपीट का केस दर्ज : मुरैना।** जौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर में नरूआ के पास रहने वाली महिला मदीना खान 49 पत्नी इकबाल खान की 19 अप्रैल को शेरा खान पुत्र रहमान खान ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# ट्रेनिंग में अनुपस्थित प्रगणक-पर्यवेक्षकों पर होगी कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 20 अप्रैल।** जनगणना-2027 के सफल और व्यवस्थित संचालन के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.-1 मुरैना में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

रविवार को प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनरों ने जनगणना की प्रक्रिया, डाटा संग्रहण, मोबाइल एप के उपयोग और फील्ड में कार्य करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 1 मई 2026 से सभी प्रगणक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जनगणना कार्य शुरू करेंगे। 16 अप्रैल से आम नागरिकों के लिए स्व-गणना (सेल्फ एन्युमेरेशन) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत लोग जनगणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। नगर निगम के उपायुक्त एलएस डोडिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शनिवार को उपस्थित रहे 40 से अधिक प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनगणना की तैयारियां तेज, उत्कृष्ट उमावि में चल रहा प्रशिक्षण**

# कृष्ण जन्म-बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पोरसा, 20 अप्रैल।** तहसील पोरसा की ग्राम पंचायत रजौधा के गांव इन्नीखेरा में जगन्नाथ बगिया में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दौरान आचार्य सुनील मिश्रा शास्त्री ने सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, कंस के अत्याचार और उनके अवतार के उद्देश्य का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

**पोरसा की रजौधा पंचायत के इन्नीखेरा गांव में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन**

कथा में कारागार में श्रीकृष्ण का जन्म होने, वासुदेव द्वारा यमुना पार कर कृष्ण को गोकुल पहुंचाने और कंस के अत्याचारों का मार्मिक वर्णन किया गया। पूतना वध, माखन चोरी और कालिया नाग दमन जैसी बाल लीलाओं का सजीव वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और सुमधुर भजनों पर झूमते नजर आए। आचार्य शास्त्री ने कथा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। आयोजन में श्रीमती गिरिजा देवी गज सिंह तोमर, सत्यभान सिंह तोमर, चंद्रभान तोमर, राजेश सिंह तोमर, बृजेश सिंह तोमर, रामकिशोर सिंह तोमर सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# छौले का पुरा में राधाकृष्ण मंदिर पर भागवत कथा 24 अप्रैल से

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 20 अप्रैल।** जौरा क्षेत्र के ग्राम छौले का पुरा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 24 अप्रैल से किया जाएगा। आयोजन के दौरान कथाचार्य पं. कान्हाजी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को अपनी रसभरी वाणी से सुमधुर कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का शुभारंभ 24 अप्रैल को श्री गणेश पूजन एवं भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

**पं. कान्हाजी महाराज करेंगे सुमधुर कथा का वर्णन**

आयोजन समिति के अनुसार कथाचार्य पं. कान्हाजी महाराज द्वारा 25 अप्रैल को मंगलाचरण, महाभारत प्रसंग, भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म और शुकदेव आगमन की कथा सुनाई जाएगी।



26 अप्रैल को कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र, प्रहलाद चरित्र और नृसिंह अवतार का प्रसंग होगा। 27 अप्रैल को समुद्र मंथन, बलि-वामन चरित्र, श्रीराम जन्म तथा श्रीकृष्ण जन्म व नंद उत्सव का वर्णन किया जाएगा। 28 अप्रैल को श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, पूतना वध, माखन चोरी और गोवर्धन पूजन के प्रसंग सुनाए जाएंगे, जबकि 29 अप्रैल को मथुरा गमन, कंस वध, द्वारका नगरी निर्माण और रुक्मिणी मंगल की कथा होगी। 30 अप्रैल को सुदामा चरित्र के साथ कथा का समापन होगा। 1 मई को हवन-पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल, मामला दर्ज

**मुरैना, 20 अप्रैल।** अंबाह थाना क्षेत्र में विगत 12 अप्रैल को आमरास्ते पर जा रही महिला लाली देवी 55 पत्नी सेवाराम बघेल नि. नयाबांस अंबाह को नीले रंग के सोनालिका ट्रेक्टर ने टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने ट्रेक्टर ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 281, 125, 279, 337 में मामला दर्ज कर लिया है।

**सिहौनिया में युवक की मारपीट का केस दर्ज :** सिहोनिया थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को शंकरदीप सखवार पुत्र अमर सिंह जब अपने घर के सामने खड़ा था। तभी सतेन्द्र खटीक गाली-गलौज करते हुए उसकी मारपीट की और धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।